वर्षः 10 - अंक : 16, मुंबई, मंगलवार, 10 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस.खान ■ मूल्यः 1 रु.




**सूचना**

होली के शुभ अवसर पर 10 मार्च 2020 को हमारा कार्यालय बंद रहेगा। इस कारण मुंबई हलचल का अगला संस्करण 12 मार्च 2020 को प्रकाशित होगा।
–संपादक




# संकट में कमलनाथ सरकार!

**द ग्रेट इंडियन पॉलिटिकल ड्रामा** सब्र टूट रहा है... पता नहीं किसका समय आने वाला है!




13 दिसंबर 2018: राहुल ने मध्यप्रदेश में कांग्रेस की जीत के बाद सिंधिया और कमलनाथ के साथ यह फोटो ट्वीट कर टॉलस्टॉय के शब्दों में लिखा था– दो सबसे ताकतवर योद्धा हैं– सब्र और समय।

## मध्य प्रदेश में 26 मार्च को राज्यसभा की 3 सीटों का चुनाव, क्रॉस वोटिंग की आशंका

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चल रहे सियासी ड्रामे में बड़ी उथल-पुथल सामने आई। 6 मंत्रियों समेत 17 विधायक दिल्ली और बेंगलुरु पहुंच गए हैं। ये सभी सिंधिया गुट के हैं। इनके फोन बंद आ रहे हैं। खबर लगते ही मुख्यमंत्री कमलनाथ दिल्ली से भोपाल लौट आए हैं। (शेष पृष्ठ 5 पर)

**शिवराज बन सकते हैं भाजपा विधायक दल के नेताः** सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में अमित शाह के आवास पर मध्य प्रदेश भाजपा नेताओं की बैठक चल रही है। इसमें नरेंद्र सिंह तोमर और शिवराज सिंह मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि शिवराज सिंह चौहान को बैठक में विधायक दल का नेता चुना जा सकता है। इस बीच, मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन ने छुट्टियां कैंसल कर दी हैं। वे मंगलवार को भोपाल लौट रहे हैं।

# एक सीट जीतने वाले राज ठाकरे ने बनाई अपनी कैबिनेट

## बेटे को बनाया पर्यटन मंत्री



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट जीतने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने शैडो कैबिनेट का गठन किया है। इस कैबिनेट में उन्होंने अपने बेटे अमित ठाकरे को पर्यटन मंत्री का प्रभार दिया है। इस तरह से उन्होंने अपने कैबिनेट में बेटे अमित ठाकरे को वही मंत्रालय दिया है जो मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपनी सरकार में अपने बेटे आदित्य ठाकरे को दिया है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

**विधानसभा चुनाव में नहीं मिली थी सफलताः** बता दें कि पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में राज ठाकरे की पार्टी एमएनएस को खासी सफलता नहीं मिली थी। इस चुनाव में एमएनएस सिर्फ एक सीट जीत पाई थी। इस चुनाव में कल्याण ग्रामीण सीट से एमएनएस के प्रमोद रतन पाटिल चुनाव जीते थे।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### ऐक्ट्रेस के 'साथी' ने खोली जाली नोटों की फैक्ट्री, 6 करोड़ छाप डाले!

**मुंबई।** दक्षिण की एक नामचीन टीवी ऐक्ट्रेस के सहयोगी ने मुंबई में जाली नोटों की फैक्ट्री खोल ली थी। यही नहीं छह करोड़ रुपये छाप दिए और उनमें से दो करोड़ बाजार तक पहुंच गए। अब जाली नोटों का यह जाल बेनकाब हुआ है। पुलिस के मुताबिक अभिनेत्री के साझीदार लियो जॉर्ज ने नवी मुंबई में जाली नोटों की फैक्ट्री खोली थी। वहां 500-500 के जाली नोट बाकायदा छपते रहे। बांद्रा क्राइम ब्रांच ने इनमें से 2 लाख 95 हजार रुपये कीमत के नोट जब्त भी किए हैं।

डीसीपी अकबर पठान ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने इस केस में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। तीसरे आरोपी लियो जॉर्ज को शुक्रवार रात क्राइम ब्रांच टीम ने केरल में डिटेन कर लिया। क्राइम ब्रांच सूत्रों के अनुसार, जॉर्ज ही अभिनेत्री का सहयोगी है।

सीनियर इंस्पेक्टर महेश देसाई, संजीव गावडे और आशा कोरके की टीम की जांच में यह बात सामने आई कि इस फैक्ट्री में पिछले कुछ महीनों में कुल छह करोड़ रुपये कीमत के जाली नोट छपे। इनमें से चार करोड़ रुपये के नोट प्रिंटिंग के दौरान बेकार हो गए। शेष दो करोड़ रुपये कीमत के नोट अभिनेत्री का साझीदार अपने साथ ले गया। अंदेशा है कि इन नोटों को बाजार में निकाल दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, इन नोटों का मुंबई के अलावा केरल और तमिलनाडु में सबसे ज्यादा सकुर्लेशन किया गया।

मुंबई में गिरफ्तार आरोपियों में डॉन वर्की केरल के उसी इडुकी शहर का है, जहां लियो जॉर्ज का भी मूल निवास है। दूसरा आरोपी विष्णु विजयन भी केरल का रहने वाला है। उसने इंजिनियरिंग की हुई है। इन दोनों को अंधेरी में वीरा देसाई रोड पर एक ट्रैप के बाद पकड़ा गया और बाद में शुक्रवार को किला कोर्ट में पेश किया गया। वहां इनके वकील अजय उमापति दुबे ने तर्क दिया कि इन दोनों को किसी ने नोट दिए। इन दोनों को पता नहीं था कि यह फेक करंसी है। पर अदालत ने दोनों को 11 मार्च की कस्टडी में भेज दिया।

क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार, साल, 2018 में केरल पुलिस ने जाली नोटों के रैकेट में 30 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें संबंधित टीवी अभिनेत्री और उसकी मां भी शामिल थी। इन पर आरोप था कि इन्होंने जाली नोटों की फैक्ट्री अपने बंगले में खुलवाई थी। कुछ महीने बाद सभी आरोपी जमानत पर जब बाहर आ गए, तब इन्हीं आरोपियों में से एक लियो जॉर्ज ने अपने शहर में रहने वाले डॉन वर्की से संपर्क किया और उससे केरल के बाहर जाली नोटों की फैक्ट्री खुलवाने में मदद मांगी।

मदद का यहां मतलब था फैक्ट्री को फाइनेंस करना। वर्की को पता था कि उसका जिगरी दोस्त विष्णु विजयन उसे कभी किसी मदद में ना नहीं बोलेगा। विजयन ने दस से बारह लाख रुपये खर्च किए। इसके बाद आरोपियों ने जाली नोटों के लिए जरूरी वॉटर मार्क वाला जीएसएम पेपर, प्लास्टिक पेपर, सिल्वर व ग्रीन फाइल पेपर रोल, लैपटॉप, प्रिंटर व अन्य सामग्री खरीदी।

### मुंबईः चोरों ने तिजोरी से उड़ाए 8 लाख नकदी, जांच में जुटी पुलिस

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के श्री साईं निकेतन सोसाइटी में अज्ञात चोरों ने दिन दहाड़े एक फ्लैट का ताला तोड़कर तिजोरी से लगभग 8 लाख नकदी और 45 हजार की जूलरी चोरी कर ली। फिलहाल पुलिस शिकायत के बाद अज्ञात चोरों पर धारा 454, 380 के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार श्री साईं निकेतन सोसाइटी निवासी संघशील संतोष राउत (38) अपने परिवार के साथ रहता है। गुरुवार दोपहर एक बजे वह परिवार सहित बाहर गया था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और, तिजोरी से 8 लाख नकदी और 45 हजार की जूलरी लेकर फरार हो गए।

# मुकेश अंबानी के 'ऐंटीलिया' के बगल में राणा कपूर ने बनाया है आलीशान 'महल'

**मुंबई।** यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर के परिवार ने वर्ष 2018 में 128 करोड़ रुपये की लागत से एक आवासीय जमीन को खरीदा था। इस जमीन पर राणा के परिवार ने अपने सपनों का महल खड़ा किया है। बिजनस इनसाइडर की रिपोर्ट के मुताबिक यह भारत के 10 सबसे महंगे घरों में से एक है। यह बंगला मुंबई पॉश इलाके टोनी एल्टामाउंट रोड पर स्थित है। इस इमारत का मालिकाना हक पहले सिटी ग्रुप के पास था।

राणा कपूर का यह बंगला मुकेश अंबानी के बंगले 'ऐंटीलिया' के बगल में है। 44 अरब रुपये की कीमत वाले ऐंटीलिया के बगल में होने से राणा का यह महल चर्चा में कम आता है लेकिन सुविधाओं के मामलों में लाजवाब है। बताया जा रहा है कि खुशीर्दाबाद बिल्डिंग में बने 6 अपार्टमेंट में यह बंगला बनाया गया है। इस इलाके में भारत के सबसे अमीर बिजनसमैन



रहते हैं। राणा के इसी 'महल' के बंगल में चर्चित उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला भी रहते हैं।

इस बिल्डिंग को कपूर की पत्नी बिंदू और एक निजी कंपनी के नाम पर खरीदा गया है। इस बिल्डिंग की खरीद के बाद राणा ने कहा था, 'मेरे परिवार ने (प्रॉपर्टी) को खरीदा है, न कि मैंने।' दिल्ली में जन्मे राणा कपूर ने एक बैंकर के रूप में शुरूआत की और भारत के चौथे सबसे बड़े निजी बैंक यस बैंक की स्थापना की। साउथ मुंबई में करीब एक साल तक चली तलाश के बाद राणा कपूर की पत्नी ने यह बंगला खरीदा। इस बिल्डिंग का कुल बिल्टअप एरिया 14800 वर्ग फुट है।

राणा कपूर ने लंदन में भी अकूत संपत्ति बना रखी है। ईडी के रडार पर करीब 2 हजार करोड़ का इन्वेस्टमेंट्स, 44 महंगी पेंटिंग्स और दर्जनों शेल कंपनियां हैं। इन कंपनियों की मदद से राणा कपूर और परिवार को पैसा ट्रांसफर किया जा रहा था। ईडी के अधिकारी जानना चाहते हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ था कि नवंबर 2019 में राणा कपूर ने यस बैंक में अपने पूरे शेयर बेच दिए, जबकि वे बार-बार कहते आ रहे थे कि यस बैंक में कभी भी अपना शेयर नहीं बेचेंगे। वे इसे अपना डायमंड बताते थे।

# पहले से शादीशुदा बहनोई को व्यक्ति ने मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** मुंबई के धारावी में बीस वर्षीय एक व्यक्ति को अपने बहन के पति को गोली मार कर घायल करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अफरीदी सैयद ने रिजवान कासिम शाह पटेल (29) पर दो गोलियां चलाईं जिसमें से एक पटेल के सिर में लगी और दूसरी उसके शरीर को छूते हुए निकल गई।

पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सैयद ने हमें बताया कि पटेल सैयद की बहन से शादी करने से पहले दो शादियां कर चुका था। आरोपी का परिवार पटेल से नाराज था और उस पर पहले भी हमला कर चुका था। पटेल का एक राजनीतिक दल से संबंध है और उसके ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं जिसमें उसकी बीवी द्वारा दर्ज कराया गया तीन तलाक का एक मुकदमा भी शामिल है।' अधिकारी ने कहा कि सैयद पटेल के



घर अपनी बहन को बुर्का देने के बहाने आया था और उसने अपने बहनोई पर गोली चलाई। उन्होंने कहा, 'पटेल के बड़े भाई इरफान और जावेद खान नामक एक व्यक्ति को गोली चलाने के मामले में हिरासत में लिया गया है। पटेल का सायन अस्पताल में इलाज चल रहा है और डॉक्टरों के अनुसार खतरे से बाहर है।' धारावी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक रमेश मंगरे ने कहा कि सैयद को हत्या का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और गोली चलाने में इस्तेमाल पिस्टल को जब्त कर लिया गया है।

## विरार में क्राइम ब्रांच महिला अधिकारी पर फायरिंग

**विरार।** पालघर क्राइम ब्रांच वसई यूनिट की सहायक पुलिस निरीक्षक पर शनिवार रात 9 बजे मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के विरार फाटा स्थित बर्गर किंग होटल के बाहर बाइक से आए दो लोगों ने एक राउंड फायरिंग की। इस हमले में वह बाल-बाल बच गईं। जानकारी के अनुसार, पालघर क्राइम ब्रांच वसई यूनिट की सहायक पुलिस निरीक्षक सिद्धवा जायभाये शनिवार की रात 8 बजे पालघर से नालासोपारा अपने घर जा रही थीं। बर्गर किंग होटल से पार्सल लेकर जैसे ही बाहर आईं, तभी नकाबपोश बाइक सवार लोगों ने जायभाये पर एक राउंड फायरिंग कर दी।

# गोरी 'मैम' पर सात लाख रुपये लुटा बैठे बुजुर्ग, दिल खोलकर करते थे चैटिंग

**मुंबई।** ठगों को पता होता है कि किस आदमी को किस तरह ठगना है। बांद्रा के एक बुजुर्ग को ठगने के लिए एक पुरुष ठग ने अपना मार्टिन नाम से फेसबुक प्रोफाइल बनाया और उस पर एक खूबसूरत लड़की का फोटो लगा दिया।

इसके बाद उसने इस बुजुर्ग को फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट भेजी। बुजुर्ग ने फोटो देखकर इस मार्टिन से दोस्ती कर ली। दोस्ती के बाद दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल नंबर शेयर किए और दोनों एक दूसरे को चैटिंग करने लगे। मार्टिन ने उस चैटिंग में खुद को अमेरिकी बताया और मुंबई आकर बुजुर्ग से मिलने की इच्छा जाहिर की। पर इसी दौरान यह भी कहा कि फिलहाल वह कुछ दिनों के लिए कनाडा जा रही है। बुजुर्ग उसे बहुत पसंद आए हैं, इसलिए वह उनके लिए वहां से कुछ गिफ्ट व डॉलर भेज रही है। बुजुर्ग ने पहले ना नुकुर की, लेकिन बाद



में वह मार्टिन के प्यार से भेजे गए तोहफों को ना नहीं कर पाए। कुछ दिनों पहले उनके पास एक लड़की का फोन आया। बताया कि वह दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम काउंटर से बोल रही है। अमेरिका से गोल्ड में कुछ गिफ्ट आया है, लेकिन इसके लिए बुजुर्ग को कुछ रकम भेजनी पड़ेगी। लड़की ने एक अकाउंट नंबर दिया। बुजुर्ग ने उसमें रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में फोन आया कि आपके लिए डॉलर भी आए हैं। इसके लिए भी आपको कुछ फीस देनी पड़ेगी। बुजुर्ग ने यह रकम भी बताए गए अकाउंट नंबर पर ट्रांसफर कर दी। इसके बाद जब इस या उस बहाने से फोन आने बंद नहीं हुए, तो बुजुर्ग को शक हुआ कि शायद उन्हें ठग लिया गया है। इसके बाद डीसीपी अकबर पठान तक शिकायत पहुंची। उन्होंने सीनियर इंस्पेक्टर महेश देसाई, संजीव गावडे और आशा कोरके की एक टीम बनाई। कई दिन के इनवेस्टिगेशन के बाद न्वांको चिनोसो और एजुडाइफ अनाउएल नामक दो नाइजीरियंस इनके ट्रैप में आए। इनके पास से क्राइम ब्रांच ने 10 मोबाइल, 2 लैपटॉप, 2 इंटरनेट हॉट स्पॉट, 2 पासपोर्ट, नकदी व अन्य सामग्री जब्त की है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बीजेपी ने सावरकर, मुस्लिम कोटा पर उद्धव ठाकरे की चुप्पी पर सवाल उठाए

**मुंबई।** बीजेपी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के इस दावे को लेकर उन पर निशाना साधा कि उनकी पार्टी शिवसेना राजग से अलग हो गई है लेकिन हिंदुत्व की विचारधारा से दूर नहीं हुई है। बीजेपी ने पूछा कि उद्धव और उनकी पार्टी कुछ मुद्दों जैसे कि कांग्रेस के नेताओं की विनायक दामोदर सावरकर पर टिप्पणी पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

राज्य बीजेपी ने ट्विटर पर पूछा, ह्यआप तब चुप क्यों रहे जब मध्य प्रदेश सरकार (कांग्रेस नीत) ने छत्रपति शिवाजी महाराज की आवक्ष प्रतिमा को हटा दिया। छिंदवाड़ा के सौसर में प्रशासन ने पिछले महीने शिवाजी महाराज की आवक्ष प्रतिमा जेसीबी मशीन की मदद से हटा दी थी और कहा था कि इसे बिना इजाजत लगाया गया था।

राज्य बीजेपी ने ट्वीट किया, आप तब चुप क्यों रहे जब कांग्रेस ने (हिंदुत्व विचारक) सावरकर का अपमान किया? आप मुस्लिम समुदाय को कोटा क्यों दे रहे हैं? महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री एवं राकांपा



नेता नवाब मलिक ने विधान परिषद में हाल में घोषणा की थी कि राज्य सरकार ने सरकारी एवं शैक्षणिक संस्थानों में मुस्लिम समुदाय को पांच फीसदी कोटा देने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि ठाकरे ने बाद में कहा था उन्हें कोई प्रस्ताव नहीं मिला है और कोई फैसला नहीं लिया गया है।

राज्य के बीजेपी नेता सुधीर मुनगंटीवार ने ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवान राम ने राज्य के वर्तमान सत्तारूढ़ दलों (शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा) को नहीं, बल्कि पुराने साथियों (बीजेपी और शिवसेना) को एकसाथ आशीर्वाद दिया था। उन्होंने कहा, भगवान राम सत्ता प्रेमी के रूप में कभी नहीं जाने गए। हमें केवल ऐसे राम याद आते हैं जो एक वायदे का सम्मान रखने के लिए 14 वर्ष के लिए वनवास चले गए थे।

मुनगंटीवार ने कहा, यह तो पार्टी (शिवसेना) को तय करना है कि यह दौरा भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए था या फिर उनके सामने (कांग्रेस और राकांपा से हाथ मिलाने की) गलती स्वीकार करने के लिए था।

## महाराष्ट्र कर रहा है महिलाओं के लिए नए कानून पर विचार, महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाएगी सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिए बनाए जा रहे कानून को लेकर रविवार को लोगों से सुझाव देने की अपील की। देशमुख ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस बल में महिलाकर्मियों की संख्या वर्तमान 15 फीसद से बढ़ाकर 30 फीसद करेगी। रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने संदेश में देशमुख ने लोगों से ट्विटर पर उनके पोस्ट पर टिप्पणी वाले खंड में अपने सुझाव देने की अपील की।

मंत्री ने ट्विटर पर जारी एक विडियो में कहा, महाराष्ट्र सरकार महिलाओं के



विरूद्ध अपराध की घटनाएं होने से रोकने के लिए शीघ्र ही कानून लाएगी। इस कानून का लक्ष्य गुनहगारों के खिलाफ तीव्र कार्रवाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, यदि आप इस कानून को लेकर कोई सुझाव देना चाहते हैं तो मैं आपसे अपने टिप्पणी वाले खंड में ऐसा करने का अनुरोध करता हूं।

बाद में एनसीपी नेता देशमुख ने यहां मरीन ड्राइव पर महिला सुरक्षा रैली में हिस्सा लिया। मुंबई पुलिस की महिला कर्मियों ने इस रैली में भाग लिया। देशमुख ने महिलाओं के विरूद्ध अपराध रोकने के लिए कानून लाने के अपनी सरकार के निश्चय को दोहराया। इस मौके पर उन्होंने कहा, फिलहाल पुलिस बल में करीब सवा दो लाख अधिकारी एवं कर्मी हैं। उनमें करीब 28000 यानी 15 फीसद महिलाएं हैं। सरकार महिला कर्मियों की संख्या बढ़ाकर 30 फीसद करने का प्रयास करेगी।

## महाराष्ट्र और गुजरात में कोरोना वायरस के सभी संदिग्ध जांच में नकारात्मक पाए गए




**मुंबई।** महाराष्ट्र और गुजरात में कोरोना वायरस से संक्रमण की आशंका के चलते जांच के लिए भेजे गए सभी नमूने रविवार को नकारात्मक पाए गए। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने रविवार को कहा कि अस्पताल में भर्ती 258 लोगों के नमूनों की जांच नकारात्मक पाई गई है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि 15 अन्य लोगों को अभी मुंबई और पुणे में निगरानी में रखा गया है।

राजेश टोपे ने कहा कि अभी तक महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के एक भी मामले की पुष्टि नहीं हुई है। गुजरात सरकार ने भी रविवार को कहा कि कोरोना वायरस की आशंका के चलते जांच के लिए भेजे गए सभी 47 नमूने नकारात्मक पाए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया, 'कोरोना वायरस के सभी संदिग्ध 47 मामले जांच में नकारात्मक पाए गए हैं जिसमें पांच मामले रविवार को अहमदाबाद की प्रयोगशाला में नकारात्मक पाए गए।' राज्य सरकार ने कोरोना वायरस की जांच के लिए अहमदाबाद स्थित बी जे मेडिकल कालेज के बाद जामनगर मेडिकल कालेज में दूसरी प्रयोगशाला स्थापित की है।

## मुंबई में पैकिंग मैटिरियल की इकाई में आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** मुंबई के भायखला इलाके में सोमवार तड़के पैकिंग मैटिरियल की इकाई में आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।यहां अग्निशमन विभाग के नियंत्रण कक्ष में एक अधिकारी ने कहा कि आग तड़के लगभग साढ़े पांच बजे धोबी घाट में कांचवाला कम्पाउंड में स्थित वाणिज्यिक प्रतिष्ठान में लगी। उन्होंने कहा, "आग बड़े पैमाने पर लगी थी। इसे बुझाने के लिये पानी के चार टैंकर और इतनी ही संख्या में दमकल की गाड़ियां



घटनास्थल पर भेजीं गईं। सुबह करीब साढ़े सात बजे आग पर काबू पाया जा सका। किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है।" उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## रवि पुजारी को हिमांशु राय ने डरबन में लोकेट किया था, डॉन को पकड़ने के लिए FBI से भी मांगी मदद

**मुंबई।** डॉन रवि पुजारी के पिछले महीने भारत डिपोर्ट आने के बाद उससे जुड़े कई किस्से बाहर आ रहे हैं। उसे पिछले साल जनवरी में सेनेगल में गिरफ्तार किया गया था। क्राइम ब्रांच सूत्रों ने एनबीटी को बताया कि इस डॉन को सबसे पहले तब लोकेट किया गया था, जब हिमांशु राय मुंबई क्राइम ब्रांच चीफ थे। उस दौरान उन्होंने एक संदिग्ध की कॉल कई दिन तक इंटरसेप्ट की थी, जो रवि पुजारी से सीधे बात कर रहा था। उसी में पुजारी ने उसे डरबन बुलाया। दोनों वहां एक होटल में सात दिन तक ठहरे थे।

राय ने तत्काल यह सूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय में कुछ करीबियों तक दिल्ली पहुंचाई थी। बात जब तक अंजाम तक पहुंचती, रवि पुजारी और उसके साथी ने डरबन का वह होटल छोड़ दिया और फिर किसी अज्ञात स्थान पर भाग गए।

इस सूत्र के अनुसार, इस डॉन की एक बार और भी लोकेशन ट्रेस की गई। मुंबई के डीसीपी और जॉइंट सीपी रैंक के दो अधिकारी तब अलग-अलग ट्रिप में दिल्ली भी गए, पर बात बाद में कहां बिगड़ी, इसका पता नहीं चल पाया। इस सूत्र का दावा है कि जॉइंट सीपी रैंक का जो अधिकारी दिल्ली गया था, उसने एफबीआई से भी रवि पुजारी को ट्रैप में लेने के लिए मदद मांगी थी। तब के इस जॉइंट सीपी के एफबीआई में कुछ अच्छे मित्र हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने एनबीटी को बताया कि जहां तक उन्हें जानकारी है, रवि पुजारी की अलग-अलग ई-मेल आईडी मुंबई में बनती थीं। इन्हें बनाने वाला रवि पुजारी को मेल आईडी के साथ-साथ फोन पर इनका पासवर्ड भी लिखवाता था।

# एक लाख से ज्यादा मास्क को फिर से धोकर बेचने की थी तैयारी, पकड़ाने के डर से कूड़े के पास फेंके



**मुंबई।** कोरोना वायरस के खौफ के चलते बाजार में मास्क की मांग बढ़ गई है। बाजार में यह महंगे बिक रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह कि एक लाख मास्क सड़क किनारे कूड़े में पड़े मिले, जिन्हें धोकर इस्तेमाल में लाने की तैयारी की जा रही थी। मास्क भिवंडी के एक पाइपलाइन के पास फेंके गए थे। महाराष्ट्र के खाद्य विभाग, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम इस मामले में जांच कर रही है। अधिकारियों ने कहा- सभी मास्क देखने में लग रहे हैं कि इनका इस्तेमाल किया जा चुका है। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें यह मास्क एक जगह धूप में सूखते हुए नजर आ रहे हैं। पकड़े जाने के डर से इसे कूड़े में फेंक दिया गया था। दावा किया गया कि लाखों संख्या में मास्क विदेश से मंगाए जा रहे हैं। इन मास्क को भिवंडी के दोपाड़ा इलाके के एक गोदाम में रखा गया। मास्क को धोया जा रहा था। जब पुलिस उस गोदाम में पहुंची तो उन्हें वहां कुछ नहीं मिला। भिवंडी के डीएसपी राजकुमार सिंह ने कहा, हम जांच कर रहे हैं कि कितने मास्क हैं, फिलहाल लाख से ऊपर की संभावना है।

## बीवी ने मोबाइल नहीं दिया तो चाकू से गोदकर मार डाला!

**मुंबई।** मुंबई में मोबाइल फोन देने से इनकार करने पर महिला की हत्या का मामला सामने आया है। आरोप महिला के पति पर है। बताया जा रहा है कि उपनगरीय चेंबूर इलाके में पति ने अपनी पत्नी से मोबाइल मांगा। लेकिन जब पत्नी ने उसे फोन नहीं दिया तो उसने चाकुओं से गोदकर हत्या कर डाली। घटना चेंबूर के एमएचएडीसी कॉलोनी की है। हत्या की वारदात उस वक्त हुई जब आरोपी जेम्स जॉन कुर्या (51) नशे में धुत हालत में घर आया और अपनी पत्नी जेम्स कुर्या (45) से उसका मोबाइल फोन मांगने लगा। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि पत्नी के मोबाइल फोन देने से इनकार करने पर पहले उसने गाली-गलौच की। इसी दौरान वह कथित रूप से किचन का चाकू ले आया। आरोपी जेम्स ने कई बार उसपर चाकू से वार किया। पुलिस के मुताबिक महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आरोपी ने वारदात के बाद भागने की कोशिश की तो कुछ पड़ोसियों और परिवार के सदस्यों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरसीएफ थाने के वरिष्ठ निरीक्षक सोपान निगहोट ने कहा, हमने उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) समेत विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है। मृतक उसकी दूसरी पत्नी थी। उसकी पहली पत्नी उपनगरीय मानखुर्द में रहती है।



## कोरोना के साइड इफेक्ट

# पुणे में फार्मासिस्ट ने 35 हजार के मास्क और दवा की चोरी की, हुआ गिरफ्तार




**पुणे।** कोरोनावायरस से बढ़ते संक्रमण के डर के बीच पुणे स्थित एक अस्पताल के फार्मासिस्ट को मास्क और दवाएं चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोरेगांव पार्क पुलिस ने बताया कि 28 साल के आरोपी ने शनिवार को अस्पताल से मास्क, इंजेक्शन और दवाओं की चोरी की। इनकी कीमत करीब 35 हजार रुपए है।' अस्पताल प्रशासन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महाराष्ट्र में कोरोनावायरस संक्रमण का अभी तक एक भी मामला सामने नहीं आया है। लेकिन देश में लगातार बढ़ते संक्रमण के मामलों को देखते हुए लोगों में इसको लेकर डर बना हुआ है। राज्य के खाद्य एवं औषधि विभाग ने मास्क की बढ़ती मांग के मद्देनजर दुकानदारों से इसकी जमाखोरी नहीं करने की अपील भी की है। हालांकि, राज्य में कोरोना संक्रमण की आशंका के चलते 258 लोगों के नमूने जांच के लिए भेजे गए थे, जो कि सभी निगेटिव पाए गए। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने इसके अलावा 15 अन्य लोगों को मुंबई और पुणे में निगरानी में रखा गया है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

## संकट में कमलनाथ सरकार!

उन्होंने तुरंत बैठक बुलाई। कमलनाथ थोड़ी देर में कैबिनेट के साथ भी बैठक करेंगे। मंगलवार सुबह कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी बुलाई गई है। भाजपा ने भी इसी दिन विधायक दल की बैठक बुलाई है। इस बीच, राज्यपाल लालजी टंडन ने भी अपनी छुट्टियां कैंसल कर दी हैं, वे मंगलवार को भोपाल पहुंचेंगे। ज्योतिरादित्य सिंधिया अभी दिल्ली में हैं। वे आधे घंटे के लिए अपने आवास से अकेले बाहर निकले थे। सूत्रों ने बताया कि सिंधिया ने सचिन पायलट से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि सिंधिया सोनिया गांधी से भी मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस मध्य प्रदेश का संकट को टालने के लिए कांग्रेस ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रदेश अध्यक्ष या राज्यसभा सदस्य बना सकती है। मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, महेंद्र सिंह सिसोदिया, तुलसी सिलावट, इमरती देवी, गोविंद सिंह राजपूत और प्रभुराम चौधरी बेंगलुरु गए हैं। भास्कर ने जब सभी को फोन लगाया तो इनके फोन बंद मिले। राजवर्धन सिंह, ओपीएस भदौरिया, जसवंत जाटव, बिजेंद्र यादव, जसपाल जज्जी, रणवीर जाटव, कमलेश जाटव, रक्षा सिरोनिया, मुन्ना लाल गोयल, रघुराज कंषाना और सुरेश धाकड़ से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। बेंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित एक रिसॉर्ट में विधायकों को ठहराया गया है। यहां 400 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ विधायक दिल्ली में हैं। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोमवार को दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष से कई मसलों पर चर्चा हुई है। उनका मार्गदर्शन मिला है, उसका पालन करूंगा। ज्योतिरादित्य सिंधिया को राज्यसभा भेजे जाने के सवाल पर कमलनाथ ने कोई जवाब नहीं दिया। कमलनाथ और सिंधिया के बीच फरवरी में वचनपत्र को लेकर सिंधिया के बयान के बाद तकरार बढ़ गई थी। जब सिंधिया ने कहा था कि वचन पत्र के वादे पूरे नहीं हुए तो सड़कों पर उतरूंगा। इस बयान के बाद मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा था- उतर जाएं...। उस वक्त भी मुख्यमंत्री कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले थे। बताया जा रहा था कि कमलनाथ ने सरकार पर सिंधिया के हमलों को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। 26 मार्च को मध्य प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों के लिए चुनाव होना है। किसी भी पार्टी के प्रत्याशी को जीतने के लिए 58 विधायकों के समर्थन की जरूरत होगी। कांग्रेस के पास अपने 114 विधायकों के अलावा सपा-बसपा और निर्दलियों समेत 121 विधायक हैं। ऐसे में कांग्रेस को दो सीट मिल सकती हैं। 107 सीट वाली भाजपा का एक सीट पर जीतना तय है। भाजपा दो सीटों पर उम्मीदवार उतारने की बात कर रही है।

## एक सीट जीतने वाले राज ठाकरे ने...

बता दें कि महाराष्ट्र सरकार में आदित्य ठाकरे पर्यटन मंत्री हैं। अब अमित ठाकरे अपने चचेरे भाई आदित्य ठाकरे के कामकाज पर निगाह रखेंगे और राज्य में पर्यटन के विकास के लिए नीतियां तय करेंगे। राज ठाकरे ने 9 मार्च को पार्टी के 14वें स्थापना दिवस पर शैडो कैबिनेट का गठन करने की घोषणा की और अपने बेटे को पर्यटन मंत्री और कानून व न्याय मंत्री बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच प्रतिस्पर्द्धा पुरानी रही है। बाल ठाकरे के दौर में राज ठाकरे कभी शिवसेना के कद्दावर नेता हुआ करते थे। लेकिन राजनीतिक महात्वाकांक्षा की टकराहट में दोनों भाइयों के रास्ते जुदा हो गए। इसके बाद 9 मार्च 2006 को राज ठाकरे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नाम से अलग पार्टी बना ली थी। शैडो कैबिनेट ब्रिटेन की संसदीय परंपरा की देन है। इसके तहत विपक्ष का नेता अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को चुनते हैं और उन्हें एक मंत्रालय का प्रभार देते हैं। शैडो कैबिनेट का पदभार संभालने वाला मंत्री अपने विभाग के मुद्दों और नीतियों पर सत्ताधारी दल को घेरता है, और उनसे सवाल पूछता है। इसके अलावा शैडो कैबिनेट के मंत्री गवर्नेंस के वैकल्पिक नीतियां भी बनाते हैं।





# 8 विपक्षी दलों ने कहा- जम्मू-कश्मीर के तीनों पूर्व मुख्यमंत्री तुरंत रिहा हों, लोकतांत्रिक असहमति की आवाज दबाई जा रही

**संवाददाता**

**आठ** विपक्षी पार्टियों ने सोमवार को केंद्र से मांग की कि जम्मू-कश्मीर के तीनों पूर्व मुख्यमंत्रियों फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को तत्काल रिहा किया जाए। विपक्षी नेताओं ने कहा कि ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं कि इन लोगों की गतिविधियों ने राष्ट्रीय हितों को खतरे में डाला हो। विपक्ष ने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक असहमति का मुंह बंद किया जा रहा है। 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद फारूक, उमर और महबूबा को हिरासत में हैं। राकांपा अध्यक्ष शरद पवार, तृणमूल अध्यक्ष ममता बनर्जी, जेडीएस नेता एचडी देवेगौड़ा, सीपीएम नेता सीताराम येचुरी, सीपीआई लीडर डी राजा, राजद के मनोज कुमार झा और पूर्व भाजपा नेता यशवंत सिन्हा और अरुण शौरी ने बयान जारी कर पूर्व मुख्यमंत्रियों को रिहा करने की मांग की। विपक्षी ने कहा- लोकतांत्रिक मानदंडों, नागरिकों के मौलिक अधिकारों और उनकी स्वतंत्रता पर हमले बढ़ रहे हैं। नतीजतन असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसके खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों की आवाज दबाई जा रही है। रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे लगे कि तीनों मुख्यमंत्री जम्मू-कश्मीर में सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हों या उन्होंने अपनी गतिविधियों से राष्ट्रीय हितों को खतरे में डाला हो।



उमर अब्दुल्ला | महबूबा मुफ्ती

# होली क्यों मनाई जाती है ?



हर त्यौहार की अपनी एक कहानी होती है, जो धार्मिक मान्यताओ पर आधारित होती है। होली के पीछे भी एक कहानी है। एक हिरन्याक्श्यप नाम का राजा था, जो खुद को सबसे अधिक बलवान समझता था, इसलिए वह देवताओं से घृणा करता था और उसे देवताओं के भगवान विष्णु का नाम सुनना भी पसंद नहीं था, लेकिन उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। यह बात हिरन्याक्श्यप को बिलकुल पसंद नहीं थी, वह कई तरह से अपने पुत्र को डराता था और भगवान विष्णु की उपासना करने से रोकता था, पर प्रह्लाद एक नहीं सुनता, उसे अपने भगवान की भक्ति में लीन रहता था। इस सबसे परेशान होकर एक दिन हिरन्याक्श्यप ने एक योजना बनाई। जिसके अनुसार उसने अपनी बहन होलिका (होलिका को वरदान प्राप्त था, कि आग पर उसे विजय प्राप्त है, उसे अग्नी जला नहीं सकती) को अग्नी की वेदी पर प्रहलाद को लेकर बैठने को कहा। प्रहलाद अपनी बुआ के साथ वेदी पर बैठ गया और अपने भगवान की भक्ति में लीन हो गया। तभी अचानक होलिका जलने लगी और आकाशवाणी हुई, जिसके अनुसार होलिका को याद दिलाया गया, कि अगर वह अपने वरदान का दुरूपयोग करेगी, खुद जल कर राख हो जाएगी और ऐसा ही कुछ नहीं बिगाड़ पाई और होलिका जल कर दिन खुशियाँ मनाई और आज तक उस दिन को अगले दिन रंगो से इस दिन को मनाया करते है।




## होली का महत्व

जीवन की अनेक कठिनाइयों से लड़कर आगे बढ़ने में ही होली का महत्व है। अगर हम सही हैं तो ईश्वर हमारे साथ होते हैं और हमारी सहायता करते हैं। जैसा कि उन्होंने भक्त प्रह्लाद की मदद की थी। रंगों का उपयोग केवल खुशी के प्रतीक के रूप में किया जाता है।

## होली में रखे सावधानी



- होली रंग का त्यौहार है पर सावधानी से मनाया जाना जरुरी है। आजकल रंग में मिलावट होने के कारण कई नुकसान का सामना करना पड़ता है इसलिए गुलाल से होली मानना ही सही होता है।
- साथ ही भांग में भी अन्य नशीले पदार्थो का मिलना भी आम है इसलिए इस तरह की चीजों से बचना बहुत जरुरी है।
- गलत रंग के उपयोग से आँखों की बीमारी होने का खतरा भी बड़ रहा है इसलिए रसायन मिश्रित वाले रंग के प्रयोग से बचे।
- घर से बाहर बनी कोई भी वस्तु खाने से पहले सोचें मिलावट का खतरा त्यौहार में और अधिक बड़ जाता है।
- सावधानी से एक दुसरे को रंग लगाये, अगर कोई ना चाहे तो जबरजस्ती ना करे। होली जैसे त्योहारों पर लड़ाई झगड़ा भी बड़ने लगा है।

## कैसे मनाते हैं होली?

होली का त्यौहार पुरे भारत में मनाया जाता है, लेकिन उत्तर भारत में इसे अधिक उत्साह से मनाया जाता है। होली का त्यौहार देखने के लिए लोग ब्रज, वृन्दावन, गोकुल जैसे स्थानों पर जाते है। इन जगहों पर यह त्यौहार कई दिनों तक मनाया जाता हैं।

ब्रज में ऐसी प्रथा है, जिसमे पुरुष महिलाओं पर रंग डालते है और महिलाए उन्हें डंडे से मारती है, यह एक बहुत ही प्रसिद्ध प्रथा है, जिसे देखने लोग उत्तर भारत जाते है।

कई स्थानों पर फूलों की होली भी मनाई जाती है और गाने बजाने के साथ सभी एक दुसरे से मिलते है और खुशियाँ मनाया करते है।

मध्य भारत एवम महाराष्ट्र में रंग पञ्चमी का अधिक महत्त्व है, लोग टोली बनाकर रंग, गुलाल लेकर एक दुसरे के घर जाते है और एक दुसरे को रंग लगाते है और कहते है बुरा न मानों होली है। मध्य भारत के इन्दोर शहर में होली की कुछ अलग ही धूम होती है, इसे रंग पञ्चमी की गैर कहा जाता है, जिसमे पूरा इंदोर शहर एक साथ निकलता है और नाचते गाते त्यौहार का आनंद लिया जाता। इस तरह के आयोजन के लिए 15 दिन पहले से ही तैयारिया की जाती है।

रंगो के इस त्यौहार को फाल्गुन महोत्सव भी कहा जाता है, इसमें पुराने गीतों को ब्रज की भाषा में गाया जाता। भांग का पान भी होली का एक विशेष भाग है। नशे के मदमस्त होकर सभी एक दुसरे से गले लगते सारे गिले शिक्वे भुलाकर सभी एक दुसरे के साथ नाचते गाते है।

होली पर घरों में कई पकवान बनाये जाते है। स्वाद से भरे हमारे देश में हर त्यौहार में विशेष पकवान बनाये जाते है।

## होली शायरी

रंगों से भरी इस दुनियां में, रंग रंगीला त्यौहार है होली,
गिले शिक्वे भुलाकर खुशियाँ मनाने का त्यौहार है होली,
रंगीन दुनियां का रंगीन पैगाम है होली,
हर तरफ यहीं धूम है मची बुरा ना मानों होली है होली ।।

# शिक्षण Career Conclave पर रिपोर्ट, कैम्पस से कॉर्पोरेट तक









**70 वर्ष** की विरासत के साथ मुंबई के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक, आर डी नेशनल कॉलेज, पहला है। HSNC बोर्ड द्वारा स्थापित 24 शिक्षण संस्थानों में से। अपनी स्थापना के बाद से, राष्ट्रीय कॉलेज ने हमेशा शैक्षिणक डिग्री प्राप्त करने और बनने के बीच की खाई को पाटने की कोशिश की है। रोजगार, और कौशल विकास के लिए एक प्रभावी प्रोत्साहन देने के लिए आवश्यक सब कुछ कर रहा है युवा इसकी स्थापना के हर तंत्रिका में इन सभी विचारधाराओं के साथ, नेशनल कॉलेज शनिवार 7 मार्च 2020 के लिए एक शैक्षिक कैरियर कॉन्क्लेव 'कैम्पस टू कॉपोरेंट' का आयोजन किया। दूसरे और तीसरे वर्ष के स्नातक छात्रों। युवा स्नातक कॉलेज से बाहर आते हैं, शैक्षिक कौशल में पॉलिश किए जाते हैं। हालाँकि, वर्तमान शैक्षणिक प्रणाली केवल सूचना और पाठ्यपुस्तक ज्ञान प्रदान करती है, और एक आँख बंद कर देती है इन युवाओं के कौशल विकास की ओर रोजगारपरक होना डिग्री हासिल करने से परे है। विभिन्न कौशल के रूप में अच्छी तरह से की आवश्यकता है। मन में विचार के साथ रोजगार क्षमता में सुधार करने के लिए छात्रों, आर.डी. और एस.एच. नेशनल कॉलेज ने एक शैक्षिक कॉन्क्लेव- कक्षा से आयोजित किया है। दूसरे और तीसरे वर्ष के छात्रों के लिए 7 मार्च, 2020 को बोर्डरूम यह एक लिंक बनाएगा।

शिक्षाविद और उद्योग के बीच और कैम्पस से कॉर्पोरेट के लिए छात्रों को तैयार करते हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार हैः

1ः समूह चर्चा का सामना करने पर कार्यशाला सत्र बीमारः उद्योग की तैयारी के लिए कौशल ड्रिल

प्राचार्य डॉ. नेहा जगतियानी द्वारा स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। श्री अनिल भाटिया और अन्य उद्योग के दिग्गजों जैसे डॉ। निरंजन हीरानंदानी द्वारा मुख्य संबोधन, हीरानंदानी समूह; श्री रंजीत शाहनी, नोवार्टिस लिमिटेड; अखिल शाहनी, शाहनी समूह, श्री भरतजवानी, सिंधी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के एमडी, सभी 'कौशल ड्रिल' के पहले सत्र के लिए पैनलिस्ट भी थे उद्योग की तत्परता के लिए सभी गणमान्य लोगों ने प्राचार्य डॉ। नेहा के अथक प्रयासों की सराहना की। जगतियानी और नेशनल कॉलेज के कर्मचारी इस परिमाण के आयोजन में। अगला खंड, जो कि पैनल डिस्कशन है, छात्रों को अपरिहार्य रूप से परिचित कराने पर केंद्रित है। रोजगार कौशल। विभिन्न उद्योगों के शीर्ष स्तरीय और अत्यधिक अनुभवी मानव संसाधन प्रमुख छात्रों को उन कौशलों के बारे में भी बताया जो उन्हें एक सफल कैरियर के लिए पोषण करने की आवश्यकता है।तीसरा सत्र समूह चर्चा का सामना करने पर एक कार्यशाला थी। छात्रों को जागरूक किया गया। समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार कॉर्पोरेट क्षेत्र में प्रवेश के लिए मानक चयन उपकरण हैं। Theentire सेशन को दो चरणों में विभाजित किया गया था। पहले चरण में छात्रों का चयन किया गया था। मॉक जीडी के लिए जबकि सभागार में अन्य छात्रों ने समझने के लिए लाइव जीडी सत्र देखा। एक औपचारिक कॉर्पोरेट चर्चा के do और donts। एक बाहरी प्रशिक्षक ने पूरे का संचालन किया। सत्र का चरण और समूह के साथ-साथ दर्शकों को निर्देशित किया। दूसरे चरण में, ट्रेनर ने मूल्यांकन किया और समूह से बाहर सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन किया। सत्र के बाद किया गया दर्शकों के लिए एक खुला प्रश्न और उत्तर सत्र। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 1ः30 बजे आयोजित उद्योग के पेशेवरों के साथ नेटवर्किंग था। निप्पॉन, जेमप्लेट, रेन्यूजिस,आईसीआईसीआई और जैसी 30 से अधिक कंपनियों ने अपने स्टॉल प्रदर्शित किए विभिन्न कार्यों के लिए छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए कॉलेज परिसर में एक बार स्नातक पूरा करने के बाद उनके लिए खुला। कार्यक्रम शाम 4ः00 बजे संपन्न हुआ। भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद और शैक्षिक कैरियर कॉन्क्लेव में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को मिला उद्योग के पेशेवरों के साथ अपने नरम कौशल को विकसित करने और नेटवर्क के लिए एक शानदार अवसर दिया गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कमलनाथ से 3 दिन में तीसरी बार मिले बीजेपी विधायक, बोले- सरकार के पास बहुमत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कमलनाथ सरकार का संकट धीरे-धीरे टलता दिख रहा है। अब बीजेपी के ही एक विधायक ने कहा है कि राज्य में कांग्रेस सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और कोई खतरा नहीं है। मैहर से बीजेपी विधायक नारायण त्रिपाठी ने तीन दिन के अंदर सीएम कमलनाथ से तीसरी बार मुलाकात के बाद यह बयान दिया है।

नारायण त्रिपाठी ने रविवार को कमलनाथ के सरकारी आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। नारायण को अपनी पार्टी बीजेपी से असंतुष्ट माना जाता है। हालांकि मुलाकात के बाद उन्होंने साफ किया कि वह मैहर को नया जिला बनाने की मांग लेकर सीएम से मिलने आए थे। कमलनाथ से मुलाकात के बाद बीजेपी विधायक ने कहा, 'कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत में है। क्या आपको नहीं दिख रहा




कि सरकार मेजॉरिटी में है या नहीं। सरकार बहुत अच्छी तरह से बहुमत में है।'

नारायण त्रिपाठी इससे पहले भी एक संशोधन प्रस्ताव पर कमलनाथ सरकार का समर्थन कर चुके हैं। कमलनाथ के फैसलों की अकसर वह प्रशंसा करते नजर आते हैं। बीजेपी एमएलए ने कहा कि उन्होंने सीएम से बजट सत्र से पहले मैहर को नया जिला बनाने की मांग की है। त्रिपाठी ने मीडिया को बताया, 'मैं कमलनाथजी से मिलने के लिए उनके आवास पर गया था। मैंने उनसे मैहर को नया जिला बनाने का प्रस्ताव मंजूर करने की अपील की है। मैं चाहता हूं कि सरकार को बजट सत्र से पहले ही इस बारे में फैसला लेना चाहिए।'

हालांकि बीजेपी विधायक ने आने वाले राज्यसभा चुनाव और सदन में बीजेपी से बगावत के सवाल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कहा, 'इसका फैसला तभी होगा सदन में बहुमत साबित करने की जरूरत होगी। राज्यसभा के लिए मैं फैसला तभी लूंगा जब वक्त आएगा।'

नारायण त्रिपाठी ने इसके साथ ही कहा कि उन्होंने सीएम से अलग विन्ध्य राज्य के संबंध में सदन में एक विधेयक लाने और पास कराने की मांग की है। कमलनाथ ने मुझे इस पर विचार करने का भरोसा दिया है। इससे पहले बीजेपी एमएलए ने शुक्रवार और शनिवार को भी कमलनाथ से मुलाकात की थी। वह मंत्री हनी सिंह बघेल के साथ श्यामला हिल्स स्थित सीएम आवास पर देखे गए थे। हालांकि नारायण ने कहा था कि वह बीजेपी से विधायक हैं और अपनी पार्टी का समर्थन करते रहेंगे।

सियासी उठापटक के बीच पिछले दो दिन कमलनाथ के लिए राहत भरे रहे हैं। शनिवार को निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा बेंगलुरु से लौटे और फिर रविवार को कांग्रेस विधायक बिसाहू लाल सिंह भी भोपाल पहुंच गए। बिसाहू ने कांग्रेस के साथ किसी भी मतभेद से इनकार करते हुए कमलनाथ को अपना समर्थन देने की बात कही है।

# पीएम मोदी को काले झंडे, योगी और अखिलेश में फोन पर क्या बात हुई?

**लखनऊ।** होली की फगुनाहट के बीच यूपी की सियासत में सोमवार को एक खबर ने सियासत गरमा दी। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को फोन घुमाया। इसके बाद चर्चा होने लगी कि दोनों के बीच आखिर बात क्या हुई? पता चला कि मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुंदेलखंड में काले झंडे दिखाने से जुड़ा है। चलिए आपको बताते हैं कि योगी और अखिलेश के बीच फोन पर क्या संवाद हुआ।

योगी बोले- यह ठीक नहीं है

29 फरवरी को पीएम मोदी को चित्रकूट में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करते हुए काले झंडे दिखाए गए थे। सीएम योगी ने इसी पर ऐतराज जताने के लिए अखिलेश यादव को फोन लगाया। योगी ने उनसे कहा, 'यह ठीक नहीं है। इस तरह का विरोध करना गलत है।' इस पर



अखिलेश ने जवाब देते हुए कहा, 'हमारे लोगों (एसपी कार्यकर्ताओं) को परेशान किया जा रहा है। हमारी ओर से पीएम के कार्यक्रम को बाधित करने के निर्देश नहीं हैं। हमारी मंशा सीएए का सांकेतिक विरोध करना है और यह हमारी पार्टी का अधिकार है।'

अडिशनल चीफ सेक्रटरी (एसीएस) सूचना अवनीश अवस्थी ने दोनों के बीच बातचीत की पुष्टि करते हुए हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'यह पहली बार नहीं है जब सीएम योगी ने पीएम के दौरे के वक्त सुरक्षा चिंताओं को लेकर अखिलेश यादव को फोन किया है। यह मुख्यमंत्री की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री को की गई शिष्टाचार कॉल थी।' अखिलेश के एक करीबी ने टीओआई को बताया कि बातचीत के दौरान एसपी चीफ ने मुख्यमंत्री योगी को ऐसे ही एक वाकये की याद दिलाई। अखिलेश ने उनसे कहा कि कन्नौज में मेरी रैली के दौरान एक प्रदर्शनकारी ने जय श्रीराम का नारा लगाया था। उसे बाद में कन्नौज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

सूत्रों के मुताबिक इस बातचीत के दौरान योगी ने अखिलेश से कहा कि वह अपने कार्यकर्ताओं को पीएम के सार्वजनिक कार्यक्रम में बाधा न डालने का निर्देश दें। सीएम ने साथ ही एसपी अध्यक्ष से कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ भविष्य में एसपीजी सख्त ऐक्शन ले सकती है। बताया जाता है कि अखिलेश ने योगी को आश्वस्त किया है कि वह पार्टी वर्कर्स को ऐसे विरोध से बचने का संदेश भेजेंगे।

## कोरोना: दिल्ली में बसों,मेट्रो, अस्पतालों को सुरक्षित करने में जुटी केजरीवाल सरकार

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस से निपटने की दिशा में राजधानी दिल्ली के डीटीसी व कलस्टर बसों, मेट्रो और अस्पतालों को नियमित आधार पर संक्रमण मुक्त करने के आदेश दिए गए हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली में अभी तक कोरोना वायरस के तीन मामले सामने आए हैं और एक मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस मरीजों के लिए 25 अस्पतालों में 168 पृथक बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील की कि यदि उनका कोई पड़ोसी पिछले 14 दिन में विदेश से लौटा है तो उन्हें सरकार को इसकी सूचना देनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को राज्य कार्य बल की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि सरकार कोरोना वायरस से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, 'डीटीसी, क्लस्टर बसों, दिल्ली मेट्रो और अस्पतालों को प्रतिदिन संक्रमण मुक्त करने के लिए एक आदेश जारी कर दिया गया है।' उन्होंने कहा, 'दिल्ली में कोरोना वायरस के अभी तक तीन मामले सामने आए हैं। एक मामले की अभी जांच की जा रही है। मैं यह सभी से कहना चाहता हूं कि दिल्ली सरकार को इसकी चिंता है लेकिन हम इससे निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।' अरविंद केजरीवाल कहा, 'घबराने की कोई जरूरत नहीं है और हमें सभी के सहयोग की जरूरत है।' केजरीवाल ने कहा कि तीन मामलों पर गौर करने के बाद पता चला कि पहला संक्रमित व्यक्ति 105 व्यक्तियों के संपर्क में आया, दूसरा पिछले 14 दिनों में 168 व्यक्तियों के संपर्क में आया जबकि तीसरा व्यक्ति 64 व्यक्तियों के संपर्क में आया।

## अश्लील विडियो बना कर रहा था ब्लैकमेल, गिरफ्तार



**लखनऊ।** अश्लील विडियो बनाकर महिला को ब्लैकमेल करने के आरोपित को पुलिस ने रविवार सुबह धर दबोचा। घर पहुंची पुलिस को गुमराह करने के लिए खुद को कमरे में बंद करके 112 नंबर पर खुद को बंधक बनाए जाने की झूठी सूचना तक दे दी थी। इंस्पेक्टर विकासनगर धीरज शुक्ल के अनुसार इलाके की एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले आदिल हुसैन पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पीड़िता के अनुसार काफी समय से पीछे पड़े आरोपित ने करीब एक हफ्ते पहले घर में घुसकर अश्लील विडियो बना लिया था। इसके बाद मिलने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर विडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

## सीएए के बहाने आतंकी साजिश रचने वाला कश्मीरी कपल गिरफ्तार, ISIS के खुरासान मॉड्यूल से संबंध

**नई दिल्ली।** खतरनाक आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (करकर) से संबंध रखने के आरोप में जामिया नगर के ओखला इलाके से एक दंपती को पकड़ा गया है। आरोप है कि दोनों सीएए के खिलाफ लोगों को हिंसा के लिए उकसा रहे थे और आतंकी साजिश रच रहे थे। आतंकवाद के आकाओं ने इन्हें आईएस में युवाओं को भर्ती करने का जिम्मा भी दिया था। सूत्रों का कहना है कि दोनों आईएस के अफगानिस्तान बेस्ड आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस) से जुड़े हैं और वहां लगातार संपर्क में थे।

कश्मीरी यूथ के बीच आईएस का यह फिदायीन हमलावर संगठन बेहद लोकप्रिय है। आईएसकेपी यानी इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस आईएस की शाखा है, जिसका ठौर-ठिकाना अफगानिस्तान में है लेकिन भर्ती दक्षिण एशिया से हो रही है। खासकर पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा के गहरे संबंध हैं। लश्कर की वजह से ही कश्मीर में आईएसकेपी अपनी जड़ें जमाने के लिए काम करता रहा। गिरफ्तार कश्मीरी दंपती के इसी संगठन से जुड़े होने का दावा किया जा रहा है। सीएए की आड़ में साजिशों का प्लान कर रहे दंपती के तार कश्मीर होते हुए अफगानिस्तान से जुड़ रहे हैं।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के हत्थे चढ़े आरोपियों की पहचान जहांजेब सामी और उसकी पत्नी हिना बशीर बेग के रूप में हुई है। दोनों श्रीनगर के रहने वाले हैं और पिछले साल अगस्त में दिल्ली आए थे। सूत्रों के मुताबिक, सीएए विरोधी प्रदर्शनों में कुछ लोगों की संदिग्ध भूमिका की जांच के दौरान एजेंसियों को इनके बारे में पता चला था। स्पेशल सेल की एक महीने से इन पर नजर थी। इनसे पूछताछ के आधार पर कुछ जगहों पर छापेमारी की जा रही है।

स्पेशल सेल के मुताबिक, जहांजेब शामी ने बीटेक किया है, जबकि हिना ने एमसीए किया है। हिना इस्लामिक स्टेट की मैगजीन में भी लिखती थी। दोनों अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट के बड़े हैंडलर के संपर्क में थे और अगस्त में कश्मीर में इंटरनेट बंद होने के बाद दिल्ली आए।


इन्होंने जामिया नगर के ओखला विहार में किराए का घर लिया और दिल्ली में आत्मघाती हमलों की प्लानिंग कर रहे थे। इनके घर से एंटी सीएए और समुदाय के खिलाफ काफी मटीरियल मिला है, घर से लैपटॉप और मोबाइल भी जब्त किए गए हैं इनसे जुड़े कुछ और लोग हैं उनकी तलाश की जा रही है। इनके खिलाफ आईपीसी 124ए,153,120बी के तहत केस दर्ज किया गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# ट्रैवलर्स के लिए ट्रीट से कम नहीं हैं नेचर के ये अनोखे रंग

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सोनी वर्ल्ड फोटोग्राफी अवॉर्ड के रिजल्ट्स आ चुके हैं। इन्हीं में से हम आपके लिए लाए हैं ऐसी तस्वीरें, जिनमें फोटोग्राफर्स ने नेचर के अनोखे रंगों को दिखाने की कोशिश की है। देखिए कुछ बेहतरीन तस्वीरें



जला हुआ आशियाना

यह कूकाबुरा पक्षी है जो शाम के वक्त ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग देख रहा है। तस्वीर एडम स्टीवेंसन ने अपने आईफोन टेन से खींची।

पेड़ की खूबसूरती

स्लोवेनिया के फोटोग्राफर एल्स क्रिवेक ने इस तस्वीर को कैमरे में कैद किया है

जूम करके देखें

यह तस्वीर बेहद खास है। इसमें बहुत सारे फ्लेमिंगो झुंड बनाकर कहीं जा रहे हैं। इस तस्वीर को कैमरे में कैद किया है हॉन्ग कॉन्ग के फोटोग्राफर हॉन्ग चैंग ने।

चारों ओर

इंडोनेशिया के जंगल में बैठा यह बंदर आसपास का जायजा ले रहा है। इस तस्वीर को फोटोग्राफर जैन सिमोन ने खींचा है।

वफादारी का सबूत

यह तस्वीर एस्टोनिया की है, जहां एक कुत्ता अपने मालिक द्वारा किए गए शिकार को लेकर खड़ा है। इस तस्वीर को कैमरे में कैद किया है फोटोग्राफर क्रिस्टीना टेमिक ने।

छुपा चोर

रात के अंधेरे में यह ऊदबिलाव जब ठहरकर शिकार का जायजा ले रहा था, श्रीलंका की लक्षिता करुनारत्ना ने इसे कैमरे में कैद कर लिया।

पानी के लिए मेहनत

इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि एक जिराफ को पानी पीने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है। इस फोटो को स्वीडन के फोटोग्राफर मार्कस



वेस्टबर्ग ने नामीबिया के ओनगुमा सफारी पार्क में कैमरे में कैद किया है।

अकेले हैं तो...

इस तस्वीर में आप एक जंगली भैंसे को झाड़ियों से सिर निकाले देख सकते हैं। यह तस्वीर साउथ अफ्रिका के फोटोग्राफर विल वेंटर ने खिंची है।

मैं अकेला चला

इस तस्वीर में एक सील को शिकार करते देखा जा सकता है।

इस तस्वीर को कैमरे में कैद किया है ताइवान के फोटोग्राफर युंग-सेन वू ने।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढेगी।

**सिंह**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, समान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**धनु**
रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी।

**वृष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा काम सार्थक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आएगा। भागदौड़ रहेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या**
शिक्षा की दिशा में सफलता मिलेगी लेकिन पारिवारिक या व्यावसायिक तनाव मिल सकता है। व्यर्थ की उलझनें भी मिलेंगी।

**मकर**
शासन सत्ता से सहयोग मिलेगा। कुछ पारिवारिक या स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन**
पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**तुला**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कुंभ**
यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। विरोधी सक्रिय हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।बीमारियां घेर सकती हैं।

**वृश्चिक**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**
जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

## शिमला-मनाली में फिर बर्फबारी, देखें तस्वीरें



लंबे अंतराल बाद हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थल शिमला, मनाली और डलहौजी में शनिवार को फिर से बर्फबारी हुई, जबकि निचले पहाड़ी इलाकों में बारिश हुई। बारिश के कारण क्षेत्र के तापमान में कमी आई है। बर्फबारी से यहां के स्थानीय होटल मालिकों में काफी खुशी है। उन्हें उम्मीद है कि 10 मार्च को होली के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक जुटेंगे।

शिमला के पास पर्यटक स्थल जैसे कुफरी, फागु, नरकंडा और चैल में भी बर्फबारी हुई, जिससे हिल स्टेशन का नजारा और भी मनोरम हो गया। यहां के मौसम विभाग के अनुसार, मनाली से 13 किलोमीटर ऊपर सोलंग स्की ढलान, और राज्य की राजधानी से 250 किलोमीटर दूर कल्पा में भी बर्फबारी हुई। राज्य की राजधानी में पांच सेंटीमीटर बर्फ की परत जम गई है, जबकि डलहौजी में 10 सेंटीमीटर और कुफरी में 13 सेंटीमीटर बर्फ की परत जम गई है।

मनाली में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वहीं किन्नौर जिले का कल्पा सबसे अधिक ठंडा क्षेत्र रहा, जहां का तापमान शून्य से नीचे 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

धर्मशाला में 6.8 डिग्री सेल्सियस, शिमला में 0.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा, बीते दो दिनों से लाहौल और स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, चंबा, मंडी, सिरमौर और शिमला जैसे ऊंचाई पर स्थित जिलों में मध्यम से भारी बर्फबारी हो रही है।

# उड़े हुए बाल फिर से उगाने में बेहद लाभदायक है ये फल

काले घने बाल हर किसी को पसंद होते हैं, लेकिन आजकल की दौड़ती-भागती लाइफ में अकसर लोग अपने बालों पर उतना ध्यान नहीं दे पाते जितना अपने ड्रेसिंग स्टाइल पर देते हैं, ऐसे में उन्हें बाल झड़ने और बालों के टूटने की समस्या का सामना करना पड़ता है। आज के समय में बाल सफेद होना, झड़ना या गंजापन आम बीमारी बन चुका है। इस समस्या से दुनिया में ज्यादातर लोग जूझ रहे हैं। लेकिन इसका भी एक उपाय है और वो है सीताफल। जी हां, इस फल के सेवन से बॉडी में कई फायदे होते हैं। साथ ही ये फल बालों के लिए भी काफी लाभदायक साबित होता है ।



## सीताफल की खूबियां

सीताफल की खूबियों के बारे में आयुर्वेद में भी वर्णन है। ऐसी मान्यता है कि सीता ने वनवास के समय श्रीराम को यह भेंट किया था। तभी से इसका नाम सीताफल पड़ा। आयुर्वेद के अनुसार शीताफल शरीर को शीतलता पहुंचाता है। यह फल पित्तशामक, तृषाशामक, उल्टी रोकने वाला, पौष्टिक, तृप्तिकर्ता, कफ एवं वीर्यवर्धक, मांस एवं रक्त वर्धक, बलवर्धक, वात दोष शामक और हृदय



के लिए लाभदायी है।

1 सीताफल के पत्तों को पीस कर फोड़ों पर लगाने से वो ठीक हो जाते हैं।

2 सीताफल के बीजों को बकरी के दूध के साथ पीसकर लगाने से सिर के उड़े हुए बाल भी फिर से उग आते हैं।

3 सीताफल घबराहट दूर कर हार्टबीट को सही करता है। कमजोर हृदय या उच्च रक्तचाप के रोगियों के लिए इसका सेवन बहुत ही लाभदायक है।



# तकिया लगाने से भी हो सकती हैं ये बीमारियां

क्या आप जानते हैं कि हमारे स्वास्थ्य के लिये तकिया लगाना फायदेमंद हैं या नुकसानदेह। आइये आपको बताते हैं कि क्या है इसकी सच्चाई। सोते समय तकिया तो अधिकतर लोग लगाते हैं तो कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो तकिया लगाना पसंद नही करते। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हमारे स्वास्थ्य के लिये तकिया लगाना फायदेमंद हैं या नुकसानदेह। आइये आपको बताते हैं कि क्या है इसकी सच्चाई। विशेषज्ञों के अनुसार मोटा या पतला तकिया आपको कई सीरियस हेल्थ प्रॉब्लम्स दे सकता है। आइये बताते हैं कि तकिया लगाते समय आपको किन बातों का ख्याल रखना होगा।

- बहुत हार्ड तकिया लगाकर सोने पर बॉडी को पूरी तरह से आराम नहीं मिल पाता। सिर पर दबाव भी पड़ता है। इससे सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या हो सकती है।
- ज्यादा सॉफ्ट तकिए का यूज करने पर बॉडी पॉश्चर बिगड़ता है। ऐसे में गर्दन और रीढ़ की हड्डी एक लाइन में नहीं रहते, जिसके कारण गर्दन में दर्द की प्रॉब्लम हो सकती है।
- अगर तकिया बहुत मोटा हो तो गर्दन चिन की तरफ झुक जाती है। इससे खरार्टे आने की प्रॉब्लम हो सकती है।



# लड़कियों के राज खोल देती है उनकी सैंडिल

अगर आप जानना चाहते हैं कि वह कितनी महत्वाकांक्षी है ते आप उसकी सैंडल की तरफ देखें।

अगर आप भी किसी फीमेल फ्रेंड से दोस्ती करना चाहते हैं लेकिन दोस्ती से पहले आप उसके बारे में जानना चाहते हैं तो हम आपको एक आसान तरीका बताते हैं। अगर आप जानना चाहते हैं कि वह कितनी महत्वाकांक्षी है ते आप उसकी सैंडल की तरफ देखें।

गजबदुनिया के अनुसार एक महिला अगर ऊंची हील के जूते-सैंडल पहनती है तो यह समाज में रुतबा हासिल करने की गहरी मानवीय तीव्र इच्छा का ही प्रतीक है। इस रिसर्च के अनुसार फीमेल स्थानीय प्रवृत्ति को अपनाती है यानी जब वो शहर केअमीर हिस्से में जाती हैं तो ऊंची हील पहनती हैं, लेकिन वो सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े इलाकों में जाती है तो इसे नजरअंदाज कर देती है।

अमेरिका के नार्थ केरोलीना विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर कुर्ट ग्रे का कहना है, दूसरे शब्दों में कहें तो ज्यादातर फीमेल अमीर दिखना चाहती हैं और वे गरीब लड़कियों से अलग दिखना चाहती हैं। जब फीमेल समृद्ध इलाकों में जाती है तो वह उन इलाकों की महिलाओं के हील के साइज से अपने हील के साइज का मेल करना चाहती हैं, जो उनकी समरूपता की तीव्र इच्छा को जाहिर करता है।

हालांकि इसके विपरीत जब वे गरीब और पिछड़ों इलाकों की तरफ जाती हैं तो वे केवल अपने पिछली बार खरीदी गई सैंडल या जूते के साइज के साथ ही मेल करती है। रिसर्च ने इस असर को 'नीचे की तरफ जाती समरूपता' का नाम दिया है, क्योंकि फैशन की वरीयता ऊपर से नीचे जाती है और शायद ही कभी नीचे से ऊपर जाती दिखती हो।

यह रिसर्च प्लोस वन नाम के जर्नल में प्रकाशित हुआ है। ग्रे इस बारे में आगे बताते हैं, मानव सभ्यता की शुरूआत से ही लोगों में इज्जत और रुतबे की प्यास रही है। इसलिए वे शक्तिशाली के साथ खड़े होते हैं और शक्तिहीन से अपने को अलग करते हैं। तो हील के साइज के साथ भी ऐसा करना समझ में आता है। लोगों की फैशन की यह आकांक्षा उन्हें अमीर और अधिक प्रभुत्व संपन्न दिखने के लिए प्रेरित करती है, और यह समाज में अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई के साथ ही और बढ़ रही है। ग्रे कहते हैं, पुरुषों में भी यही चलन है, खासतौर से जब वे कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स या कारें खरीदते हैं।

# मेसी के गोल से जीता बार्सिलोना,

## ला लीगा के मैच में रीयल सोसिएदाद को चटाई धूल




**बार्सिलोना।** लियोन मेसी के पेनाल्टी पर किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के मैच में रीयल सोसिएदाद को 1-0 से हरा दिया। इसके साथ ही मैनेजर क्विक सेतियान की टीम बार्सिलोना ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी क्लब रीयल मैड्रिड को अंक तालिका में पछाड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बार्सिलोना ने रीयल मैड्रिड से अपने अंकों के अंतर को बढ़ाकर दो कर दिया।

सेतियान की टीम लीग में अपना पिछला मैच रीयल मैड्रिड से हार गई थी और छठे नंबर की टीम सोसिएदाद के खिलाफ मिली जीत से टीम फिर से जीत की पटरी पर लौट आई। मेसी पिछले मैच में रीयल मैड्रिड के खिलाफ गोल नहीं कर पाए थे, लेकिन उन्होंने पेनाल्टी पर गोल के साथ इस सत्र का 24वां गोल किया। इसके साथ ही उनका यह पिछले चार मैचों में पांचवां गोल है।

पहले हाफ में सेतियान की टीम के पास गोल करने के मौके मिले थे, लेकिन उनके खिलाड़ी इनका फायदा नहीं उठा पाए। पहला हाफ गोलरहित रहा। दूसरे हाफ में बार्सिलोना सिर्फ एक गोल कर पाई। इस बीच, वार की मदद से पता चला कि सोसिएदाद के रॉबिन ले नोर्मैंड के हाथों से गेंद छू गई जिससे बार्सिलोना को पेनाल्टी दी गई। 81वें मिनट में पेनाल्टी को गोल में बदलकर मेसी ने टीम को 1-0 की उपयोगी बढ़त दिलाई।

फिर मैच के इंजुरी समय (90+6वें मिनट) में बार्सिलोना के जोर्डी एल्बा गोल करके जश्न मनाने लगे थे, लेकिन वार की मदद से इसे ऑफसाइड करार दिया गया। इसके बाद घरेलू प्रशंसकों ने कैंप नाउ स्टेडियम में अपनी नाराजगी व्यक्त की। मैच के अंतिम समय तक बार्सिलोना ने 1-0 की बढ़त के साथ जीत हासिल की। लीग के अन्य मैचों में एटलेटिको मैड्रिड ने सेविया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि गेटफे और सेल्टा विगो के बीच मैच भी गोलरहित ड्रॉ रहा।

# भारत की हार से दिल टूटा है पर उम्मीद नहीं

**नई दिल्ली।** पूनम यादव के साथ मेलबर्न के मैदान से भारतीय आस भी जा रही थी। आस पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट जीतने की। आस पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनने की। आस पहली बार इतिहास में दर्ज होने की। बेशक... आस टूटी है, लेकिन हौसला नहीं। बेशक... हार दिल तोड़ती है। लेकिन उम्मीद नहीं। बेशक... दर्द तब ज्यादा बड़ा होता है जब हार फाइनल में हो। लेकिन हार के मायने रास्ते बंद होना नहीं। हार दिखाती है कि आप मुकाबला किया। फाइनल की हार के मायने हैं कि आप वहां तक पहुंचे। वहां तक पहुंचने के सभी पड़ाव आपने पार किए। इसलिए हमें हार का दुख है, लेकिन हम निराश नहीं हैं।



याद कीजिए 2017 का 50 ओवर के वर्ल्ड कप का फाइनल। भारतीय टीम इंग्लैंड से हारी थी। लेकिन टीम का स्वागत एक विजेता की तरह हुआ। उस मैच ने भारत में महिला क्रिकेट के प्रति रवैया बदला। हार-जीत से इतर मुकाबले को तवज्जो मिली। जीत के प्रति अधीर इस समाज ने उस हार को भी दिल से लगाया।

# फेड कप टेनिसः भारत ने रचा इतिहास, पहली बार प्ले-ऑफ में जगह बनाई



**दुबई।** भारतीय फेड कप टेनिस टीम ने पहली बार प्ले-ऑफ में प्रवेश कर इतिहास रच दिया है. दुबई में अंकिता रैना के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने इंडोनेशिया के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की. अंकिता ने शनिवार रात सिंगल्स मुकाबले में प्रतिभाशाली अल्दिला सुत्जियादी के खिलाफ बेशकीमती जीत दर्ज की, जिससे प्रतियोगिता में भारत ने 1-1 से बराबरी हासिल कर ली. इससे पहले ऋतुजा भोसले को गैरवरीय प्रिस्का मैडलीन नुगरोहो के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ी थी.

आईटीएफ जूनियर सर्किट में 15वें स्थान पर काबिज इंडोनेशिया की 16 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ ऋतुजा ने शुरूआती सिंगल्स मुकाबला एक घंटे 43 मिनट में 3-6, 6-0, 3-6 से गंवाया. अपने पिछले दो सिंगल्स मुकाबले हारने वाली अंकिता ने इंडोनेशिया के खिलाफ दूसरे मैच में अल्दिला सुत्जियादी की चुनौती को 6-3 6-3 से ध्वस्त कर दी.

इसके बाद अंकिता ने अनुभवी सानिया मिर्जा के साथ मिलकर सुत्जियादी और नुगरोहो को 7-6 (4) 6-0 से हराकर भारत को प्ले-ऑफ में जगह दिला दी, जहां अब अप्रैल में उसका सामना लाटविया और नीदरलैंड्स के बीच मुकाबले की विजेता से होगा.

टूर्नामेंट में अजेय रहे चीन से शुरूआती मुकाबला हारने के बाद भारतीय टीम छह टीमों के ग्रुप में लगातार चार जीत के साथ दूसरे स्थान पर रही. इसके साथ ही छह टीमों की एशिया ओशियाना ग्रुप एक में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें प्ले-ऑफ के लिए क्वालिफाई कर गईं.

## टीम इंडिया में वापसी को बेकरार एमएस धोनी, जमकर बहा रहे पसीना

चेन्नै। नीली जर्सी पहने महेंद्र सिंह धोनी की तस्वीर को सोचें तो वनडे वर्ल्ड कप 2019 के सेमीफाइनल का वह लम्हा याद आता है, जिसमें मार्टिन गप्टिल का एक थ्रो बल्लेबाजी वाले छोर पर स्टंप्स को लगता है और एमएस धोनी की पारी और वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के मिशन दोनों का अंत कर देता है। इंग्लैंड में आयोजित हुए इस वर्ल्ड कप के बाद कयास यही थे कि अब पूर्व कप्तान एमएस धोनी अपने इंटरनैशनल करियर को अलविदा कह देंगे। भले ही वह आईपीएल में खेलते दिख जाएं लेकिन टीम इंडिया की नीली जर्सी में अब नहीं दिखेंगे।

# टीम इंडिया का ऐलान, साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार्दिक पंड्या, शिखर धवन और भुवनेश्वर की वापसी



**मुंबई।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया गया है. 12 मार्च से शुरू हो रही सीरीज में हार्दिक पंड्या, शिखर धवन और भुवनेश्वर कुमार की वापसी हुई है. रविवार को 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की गई. चयन समिति के नए अध्यक्ष सुनील जोशी की अगुवाई में पहली बार टीम चुनी गई.

साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में विराट कोहली कप्तानी करेंगे. उपकप्तान रोहित शर्मा हालांकि मांसपेशियों की खिंचाव से नहीं उबर पाए हैं और उम्मीद है कि वह 29 मार्च से शुरू हो रही आईपीएल से वापसी करेंगे. न्यूजीलैंड दौरे के पांचवें और अंतिम टी-20 मुकाबले के दौरान (2 फरवरी को) बाएं पैर की मासपेशियों में उन्हें खिंचाव आया था. इस वजह से रोहित को न्यूजीलैंड के खिलाफ न सिर्फ वनडे सीरीज, बल्कि टेस्ट सीरीज से भी बाहर होना पड़ा था. दूसरी तरफ 26 साल के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टीम इंडिया में वापसी करने में कामयाब रहे. उन्हें डीवाई पाटिल टी20 कप के दौरान दो धमाकेदार शतक जड़ने का इनाम मिला है. पंड्या को पांच महीने पहले कमर में चोट लगी थी, जिसके बाद लंदन में उनकी सर्जरी हुई थी.

34 साल के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी लौट आए हैं. 19 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में चोटिल हो गए थे. उस मैच में शिखर धवन का बायां कंधा चोटिल हो गया था. धवन के अलावा भुवनेश्वर कुमार भी डीवाई पाटिल टी20 कप में उतरे थे. भुवनेश्वर का हर्निया का ऑपरेशन हुआ था.

केदार जाधव को टीम में शामिल नहीं किया है. वह 26 मार्च को 35 साल के हो जाएंगे. अनुभवी जाधव की जगह शुभमन गिल को मौका मिला है. शिवम दुबे, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी और मयंक अग्रवाल को भी वनडे सीरीज में जगह नहीं मिली है. ये सभी न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा थे. टीम में शिखर धवन की वापसी से मयंक अग्रवाल को बाहर का रास्ता देखना पड़ा, जो न्यूजीलैंड दौरे पर मिले मौकों को फायदा उठाने में नाकाम रहे.

इस दौरे पर पृथ्वी शॉ की सकारात्मक बल्लेबाजी को देखते हुए चयनकर्ताओं ने उन्हें टीम में बरकरार रखने का फैसला किया. शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, विराट कोहली (कप्तान), केएल राहुल, मनीष पांडे, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, नवदीप सैनी, कुलदीप यादव, शुभमन गिल



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



## प्रियंका चोपड़ा ने कमाई को लेकर कहा, 'ओवरवर्क लेकिन अंडरपेड हूं'

**फिल्म** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द स्काई इज पिंक' इस शुक्रवार को रिलीज हुई है। प्रियंका चोपड़ा ने इस फिल्म का प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यहां तक कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी फिल्म का प्रचार किया। हाल ही प्रियंका चोपड़ा ने ट्विटर पर उठाए गए कुछ सवालों के जवाब दिए। वह खुद की व्याख्या हैशटैग के माध्यम से करते हुए कहा कि उनके लिए 'ओवरवर्क लेकिन अंडरपेड' एकदम सही हैशटैग है। प्रियंका चोपड़ा रोल्स रॉयस की मालकिन हैं। प्रियंका चोपड़ा अपने काम को लेकर न्यूयॉर्क और मुंबई के बीच आते जाते रहती है। इस बीच फिल्म 'द स्काई इज पिंक' फिल्म क्रिटिक्स के अलावा दर्शकों को भी पसंद आई हैं। शोनाली बोस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में फरहान अख्तर, जायरा वसीम और रोहित सराफ की अहम भूमिकाएं हैं। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में भारत में हुए एनबीए इंडिया 2019 की भी ब्रांड अम्बेसडर रही।

## 'बधाई हो' के बाद अब आ रही 'बधाई दो'



**नैशनल** अवॉर्ड जीत चुकी ब्लॉक बस्टर फिल्म 'बधाई हो' के बाद अब जंगली पिक्चर्स लेकर आ रहा है इस फ्रैंचाइजी का दूसरा पार्ट, जिसका टाइटल 'बधाई दो' रखा गया है। जैसा कि 'बधाई दो' नाम से ही आप समझ गए होंगे कि यह एक फैमिली कॉमिडी फिल्म होगी, जिसकी कहानी पिछली बार की तरह ही कुछ अजीबोगरीब रिलेशनशिप के इर्द-गिर्द बुनी गई है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में और भी ज्यादा फन और इमोशंस का तड़का लगने वाला है। जहां कि 'बधाई दो' की कहानी और कैरक्टर्स 'बधाई हो' से अलग होने वाले हैं, वहीं दोनों के बीच जो कॉमन है वह है इसकी प्यारी थीम। इस फिल्म को बनाने जा रहे हैं बेहतरीन ऐड फिल्ममेकर और 'हंटर 2015' के डायरेक्टर हर्षवर्धन कुलकर्णी, जिसमें नजर आनेवाले हैं नैशनल अवॉर्ड जीतने वाले कलाकार राजकुमार राव और पावरहाउस परफॉर्मर भूमि पेडनेकर। इस फिल्म में राजकुमार राव दिल्ली पुलिस की भूमिका में नजर आएंगे, जो कि महिला थाना में इकलौते मेल ऑफिसर होंगे और भूमि होंगी स्कूल की पीटी टीचर। यह फिल्म उन दोनों की मुलाकात से शुरू हुई गड़बड़ियों के बीच ही उलझती जाती है।



## शराब की लत से जूझ चुकी हैं श्रुति

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस श्रुति हासन हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड माइकल कोरसेल के साथ ब्रेकअप की खबरों को लेकर सुर्खियों में आई थीं। इस बारे में उन्होंने बताया था कि यह उनकी लाइफ का अच्छा एक्सपीरियंस रहा। अब श्रुति एक ने चैट शो पर अपनी शराब की लत के बारे में खुलकर बात की है। श्रुति ने उन्होंने बताया, मैं काफी समय तक व्हिस्की लवर थी। मैंने ब्रेक लिया और ये सबकुछ बंद करने का फैसला किया। ये मेरे लिए एक नया बदलाव है। जब उनसे पूछा गया कि क्या शराब छोड़ने की प्रक्रिया के दौरान उनके स्वास्थ्य पर कोई असर पड़ा था? जवाब में उन्होंने कहा कि हां, वास्तव में मैं बीमार थी, लेकिन मैंने ये बात किसी को नहीं बताई। मेरा मानना है कि यह निजी मामला है और मैंने इसे अपने किसी फ्रेंड्स या आउटसाइडर से शेयर नहीं किया। मुझे मेडिकल प्रोसेस से गुजरना पड़ा और मैं खुद को ठीक करने की कोशिश कर रही थी। एक्ट्रेस ने बताया कि वह इस बात से परेशान नहीं होती हैं लोग उनके प्रोफेशनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर क्या सोचते हैं। उन्होंने कहा, मुझे परवाह नहीं है कि दूसरे लोगों का क्या कहना है। मैंने एक साल का ब्रेक लिया क्योंकि मैं एक ही तरह की रोल किए जा रही थी। वास्तव में, मेरे पास अपने दर्शकों के साथ केवल एक प्रकार की कनेक्टिविटी है। मैं अब काफी अच्छी तरह महसूस करती हूं कि मेरे पास एक हेल्दी माइंड और एक हेल्दी शरीर है। मैं बाहरी दुनिया में चल रही हर चीज से डील कर सकती हूं। बता दें कि श्रुति ने टीवी शो फीट अप विद द स्टार्स में अपने रिलेशनशिप के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा, मैं थोड़ी कूल टाइप हूं।